**अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–**
**विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना**
**शुद्धि–पत्र**

**पत्रांक–प्र०–7/विविध–04–38/2023–** **/पटना, दिनांक......................**

विभागीय पत्रांक–647(E)we दिनांक–27.01.2025 से विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये गये अन्य विभागों/निगमों द्वारा कालीसूची में डाले गये/कालीसूची से मुक्त किये गये संवेदकों की सूची के कॉलम–28 को इस तरह से पढ़ा जाए :–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | संवेदक Makbul Alam, At-Ward No.-12, P.O-Ruidhasa, Chhaital, जिला–किशनगंज, पिन–855116 (निबंधन सं0–1210144) | ग्रामीण कार्य विभाग | ज्ञापांक–4926 दिनांक–28.08.2024 | सकारण आदेश ज्ञापांक–1583 दिनांक–30.03.2024 द्वारा संवेदक को 04 (चार) वर्ष के लिए निर्गत कालीकृत आदेश को यथावत् रखते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की गई है। |

2. शेष यथावत् रहेगा।
अनु०:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

**ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–38/2023–** **/पटना, दिनांक............**

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता (रा०उ०प० उपभाग सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना/सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार एवं सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०प० प्रमंडल सहित), पथ निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

**ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–38/2023–** **/पटना, दिनांक............**

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

**ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–38/2023–** 5628 (E)we **/पटना, दिनांक** 22/08/2025

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/ कार्यपालक अभियंता, (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/आई० टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को Website पर Upload करने हेतु तथा प्रभारी e-tendering को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
अनु0–यथोक्त।

22/8/25

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

SP

D:\Avinash Work Folder\Black Listing, Suspension Letter of Other Dept..docx

बिहार
ग्रामीण क

संवेदक Md. Makbul Alam (Rgeistration No. 1210144) At-Ward No. 12 P.O-Ruidhasa, Chhaital, Dist-Kishanganj द्वारा काली सूची में दर्ज होने के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन दिनांक 05.07.2024 के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

20/08/2024

## आदेश

संवेदक Md. Makbul Alam, At-Ward No. 12 P.O- Ruidhasa, Chhaital, Dist-Kishanganj एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 उपस्थित।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त इतिहास यह है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 के अधीन राज्य योजनान्तर्गत Tender ID- **1277978**, **127304** एवं **127062** के निविदा में निविदाकार मेसर्स Md. Makbul Alam द्वारा EMD के रूप में गलत Bank F.D एवं Bank Certificate अपलोड करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 को यथोचित मार्गदर्शन देने का अनुरोध अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, किशनगंज के पत्रांक 328 अनु0 दिनांक 14.02.2024 द्वारा अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना से किया गया। अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, किशनगंज से प्राप्त अनुशंसा निम्नवत है :–

1-Tender ID- 1277978 में 10.45 लाख का जाली Bank F.D अपलोड किया गया है।
2-Tender ID- 127304 में Bank F.D में जालसाजी कर 4.85 लाख रू0 के स्थान पर 4.86 लाख रू0 अंकित किया गया है एवं जाली Signature/Stamping की गई है।
3-Tender ID- 127062 में अपलोडेड Bank F.D में Face Value रू0 8.56 लाख रूप का फर्जी/जाली Lien कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 के नाम से किया गया है एवं Bank Certificate (SBI ठाकुरगंज का पत्रांक BM/GEN/2023-24 दिनांक 05.09.2023) भी फर्जी/जाली पाया गया।

उपर्युक्त कंडिका (i) के संबंध में भारतीय स्टेट बैंक ठाकुरगंज शाखा के पत्रांक BM/GEN/17/304 दिनांक **30.09.2023** द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "This no. of FD/STDR not exist in Our System" एवं कंडिका (iii) में वर्णित Bank Certificate के संबंध में बैंक द्वारा प्रतिवेदित है कि **"This is false letter and not issued from this office"**

सम्यक विचारोपरान्त निविदाकार/संवेदक Md. Makbul Alam द्वारा निविदा में गलत कागजात अपलोड करने के आरोप में इन्हें बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांकः– **1583** दिनांक **30.03.2024** द्वारा 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया।

संवेदक द्वारा उपस्थित होकर तथा अपने प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि " इनके द्वारा कोई जाली कागजात संलग्न नहीं किया गया है गलत फहमी के कारण इनके द्वारा संलग्न कागजातों की बिना समुचित जॉच किये निबंधन को काली सूची में दर्ज करने की अनुशंसा की गयी जो कि नसैर्गिक न्याय के विरूद्ध है।"

459 (479)

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 द्वारा अपने प्रतिवेदन पत्रांक 1160 अनु0 दिनांक 10.08.2024 के माध्यम से उपस्थित होकर बताया गया कि "संवेदक Md. Makbul Alam द्वारा Tender ID- **1277978, 127304** एवं **127062** में गलत Bank F.D एवं Bank Certificate अपलोड करने के कारण इन्हें काली सूची में सम्मिलित किया गया है। संवेदक Md. Makbul Alam **(निबंधन सं0–1210411)** द्वारा निविदा में संलग्न F.D का जाँच इस कार्यालय के पत्रांक–1585 दिनांक–30.09.2023 के द्वारा कराया गया, जो की सही पाया गया एवं बैंक के द्वारा Bank Certificate की सत्यता की भी जाँच की गई, जो की सही पाया गया।"

प्रश्नगत मामले में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 से प्राप्त प्रतिवेदन एवं संलग्न कागजातों के अनुसार इनके कार्यालय के पत्रांक **1585** दिनांक **30.09.2023** द्वारा संवेदक Md. Makbul Alam द्वारा उक्त निविदा में Bank F.D की सत्यता की जॉच हेतु Branch Manager SBI, Thakurganj से अनुरोध किया गया। इस मामले में Branch Manager SBI, Thakurganj द्वारा अपने पत्र संख्या Branch/17/304 दिनांक 12.08.2024 द्वारा पत्र कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 को उपलब्ध कराया गया है। जिसमें प्रतिवेदित है कि This is to confirm that the letter no-BM/Gen/2023-24 dated-05/09/2023 in connection of Md Makbul Alam vide tendor-construction of multicell Box culvert in L085-T04 to Dhobibhitta at CH-3.800 KM (solvency certificate/Bank Certificate) has been issued from this office.

इसी मामले में Branch Manager SBI, Thakurganj द्वारा अपने पत्र संख्या BM/Gen/2023-24 दिनांक **05.09.2023** द्वारा Bank Certificate के संबंध में प्रतिवेदित है कि This is to certify that Md. Makbul Alam, Ruidhasa, Thakurganj, Kishanganj is a reputed company with a good financial standing.

It the contract for the work, namely Construction of Multicell Box Culvert in L085-T04 To Dhobibhitta at CH-3.800KM is awarded to the above firm, we shall be able to provide Overdraft / Credit facilities to the extent of Rs. 75 Lac (Rupees Seventy Five Lac Only) to meet their working capital requirements for executing to the above contract during the contract period as per bank norms.

विषयांकित मामले में Branch Manager SBI, Thakurganj द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 30.09.2023 जिसके तहत संवेदक Md. Makbul Alam द्वारा निविदा में प्रस्तुत की गयी Bank F.D, not exist in our System एवं Bank Certificate False होने की सूचना दी गयी है वही दिनांक 12.06.2024 तथा दिनांक 05.09.2023 को निर्गत पत्र में संवेदक द्वारा निविदा में समर्पित किये गये Bank F.D एवं Bank Certificate को सही बताया गया है यह विरोधाभषी है।

इस प्रकार संवेदक Md. Makbul Alam द्वारा Tender ID- **1277978, 127304** एवं **127062** में गलत Bank F.D एवं Bank Certificate अपलोड करने के संबंध में Branch Manager SBI, Thakurganj Dist- Kishanganj द्वारा निर्गत दो पत्र ( पत्र संख्या Branch/17/304 दिनांक **12.08.2024** एवं पत्र संख्या BM/Gen/2023-24 दिनांक **05.09.2023**) का सत्यापन कराये जाने हेतु **मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बिहार, पटना** को पत्र

दिया जाय, साथ ही इस मामले में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन के संबंध में इनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव को निदेश दिया जाता है।

प्रस्तुत मामले में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, किशनगंज द्वारा कराये गये सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक ठाकुरगंज शाखा के पत्रांक BM/GEN/17/304 दिनांक 30.09.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "This no. of FD/STDR not exist in Our System" एवं कंडिका (iii) में वर्णित Bank Certificate के संबंध में बैंक द्वारा प्रतिवेदित है कि **"This is false letter and not issued from this office"** जिससे स्पष्ट है संवेदक Md. Makbul Alam द्वारा निविदा में गलत Bank F.D एवं Bank Certificate अपलोड कर भाग लिया गया। जिस कारण यह कार्रवाई की गयी।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त विभागीय सकारण आदेश **ज्ञापांक 1583** दिनांक **30.03.2024** द्वारा इन्हें 04 (चार) वर्षो के लिए निर्गत कालीकृत (Blacklist) आदेश को यथावत रखते हुए वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

तदनुसार वांद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–01–25/2024 4926 /पटना, दिनांक 28/8/24

निबंधित

प्रतिलिपिः– संवेदक Md. Makbul Alam, At-Ward No. 12 P.O- Ruidhasa, Chhaital, Dist-Kishanganj, पिन कोड–855116 को सूचनार्थ प्रेषित।

(इफ्तेखार अहमद)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–25/2024 4926 /पटना, दिनांक–28/8/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–01–25/2024 4926 /पटना, दिनांक–28/8/24

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–01–25 / 2024 4926 / पटना, दिनांक– 28/8/24

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

28/8/2024

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–01–25 / 2024 4926 / पटना, दिनांक– 28/8/24

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/8/2024

सरकार के उप सचिव

25